An ISO 9001:2015 certified

# झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची

पत्रांकः 12/य.1- 33/2011....1035 राँची, दिनांक 05/03/2026

प्रेषक,

शशि रंजन, भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक।

सेवा में,

1. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड। (देवघर, जमताड़ा, रामगढ़, गढ़वा, पलामू एवं बोकारो को छोड़कर)
2. सभी जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड। (देवघर, जमताड़ा, रामगढ़, गढ़वा, पलामू एवं बोकारो को छोड़कर)

विषयः- **झारखण्ड राज्य अवस्थित मॉडल विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए आयोजित नामांकन प्रक्रिया में निकटतम विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की अधिक-से-अधिक भागीदीर सुनिश्चित करने के संबंध में।**

प्रसंगः- पत्रांक 503 दिनांक 03.02.2026.

महाशय/ महाशया,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि राज्य में संचालित अंग्रेजी माध्यम के मॉडल विद्यालयों में नामांकन हेतु झारखण्ड अदिविद्य परिषद, राँची द्वारा विज्ञापन के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.03.2026 है। ज्ञातव्य हो कि प्रसंगाधीन पत्र द्वारा आपको मॉडल विद्यालयों में नामांकन का प्रचार-प्रसार करने हेतु निदेश दिया गया है। परंतु यह देखा जा रहा है कि कुल 3280 सीट के विरूद्ध अभी तक मात्र 2616 आवेदन पत्र ही समर्पित किया गया है।

उक्त के आलोक में निदेश है कि अपने जिला के सभी प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को निदेशित करेंगे कि अपने विद्यालय के कक्षा 05 के कम से कम 20 से 25 विद्यार्थियों को मॉडल विद्यालयों में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाना सुनिश्चित करेंगे।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन

(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक।

ज्ञापांक 296 / दिनांक 05/3/2026

प्रतिलिपि:- सभी BEEO/BPO/ARP/CRP / सभी प्रखण्ड प्रायोजित /मॉडल /, UHS, Ranchi/ सभी प्रखण्ड समारी प्रखण्ड, मॉडल स्कूल, राँची को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

- कार्यालय पत्रांक 205 दिनांक 13/2/26 द्वारा भी सभी प्रायोजित एवं मॉडल Residential के प्रधानाध्यापक को फॉर्म भरवाने का निदेश दिया गया है। पुनः निदेशित करना है कि दिनांक 7/03/26 के पूर्व सभी विद्यालयों के निर्धारित कंटेना में JAC Portal पर Form भरवाना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे प्राथमिकता देंगे।

जेएसीए स्टेडियम रोड, सेक्टर 3, धुर्वा, राँची 834004 दूरभाष:0651-2444501, 2444502 ई मेल jepcranchi1@gmail.com

05/3/2026

D.E.O.-Cum-D.P.O.
JEP, Ranchi

5/3/2026